

प्रोफेसर स्वर्गीय सियाराम सिंहा, विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, कन्हाई लालसाहू कॉलेज नवादा की ५वीं पुण्य तिथि

नवबिहार दूत संवाददाता

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थिति--- श्रीमती चिंता देवी, धर्मपत्नी स्वर्गीय सियाराम सिंहा, सर्वश्री कृष्ण सिंह, रामनंदन सिंह (चचेरे भाई)सुनील कुमार सिंह वरीय अधिवक्ता सिविल कोर्ट नवादा (ज्येठ सुपुत्र), डॉक्टर अनिल कुमार सिन्हा, प्राचार्य, इंटर विद्यालय डोपटा (रजौली), पुरुषोत्तम सिंह नरोत्तम सिंह सर्वोत्तम सिंह (भतीजे), विष्णु कुमार नारायण (सुपौत्र), सच्चिदानंद (नाती), सुखदेव पासवान, उपेंद्र महतो (सेवानिवृत प्रधान अध्यापक) के कलावे अन्य ग्रामीण जन ।

प्रोफेसर सियाराम सिंहा के निकटतम शिष्यों में से एक सुरेश प्रसाद सिंह पूर्व प्राचार्य प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय नवादा ने प्रोफेसर सियाराम सिंहा को प्रख्यात शिक्षाविद के अलावा मूर्धन्य समाजसेवी और समाज के गरीबों का सच्चा मसीहा बताया । ग्रामीणों ने उनके गुणों की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार राज्य के स्तर पर अंधरवारी गांव में मां दुर्गा का नवनिर्मित अतीव विशाल मंदिर और ग्रामीण पुस्तकालय, ग्राम्य नाटक मंच आदि उन्हीं की देन हैं । श्रद्धांजलि सभा में उनके ज्येष्ठ पुत्र श्री सुनील कुमार सिंह और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती चिंता देवी अति भावुक हो गए । ग्रामीणों ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपने अमर कृत्यों से वे भौतिक रूप से मरकर भी अपने सूक्ष्म रूप में अमर हैं ।

वाहन कोषांग एवं सीएपीएफ कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई

नवबिहार दूत संवाददाता

नालंदा: श्री शशांक शुभंकर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से वाहन कोषांग एवं सीएपीएफ कोषांग के वरीय/नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । वाहन कोषांग समीक्षा के क्रम में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के सफल आयोजन हेतु वाहनों का आकलन/ अधिग्रहण/ वाहनों का रूट चार्ट/ लोक बुक/ ईंधन आपूर्ति आदि की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए। वाहन कोषांग में अस्थाई शौचालय /पीने की पानी/ ध्वनि विस्तारक यंत्र /पुलिस सुरक्षा/ कचरा निस्तारण/ दैनिक खुराकी/गेट पास /बैरिकेडिंग बिजली आदि की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इवीएम/ वीवीपैट हेतु शत-प्रतिशत वाहनों का जीपीएस टैगिंग हर हाल में सुनिश्चित की जाए । सीएपीएफ कोषांग के समीक्षा के क्रम में निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंडों में चयनित दो स्थलों पर सीएपीएफ आवासन स्थल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वाहन/बिजली/ पंखा/सेंड बैग मोर्चा/किचेन/शौचालय/ पीने की पानी /आदि की समुचित व्यवस्था की जाए। बिहार पुलिस/ होमगार्ड आवासन की व्यवस्था सभी डिस्पैच सेंटर के समीप सुनिश्चित की जाए । इस अवसर पर नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित संबंधित कोषांग के पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

नालंदा पुलिस का ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन प्रारंभ

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ : होली एवं लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन चलाया गया। यह अभियान सदर एसडीपीओ नुरुल हक के नेतृत्व में बिहारशरीफ शहर में शुरू किया गया है। शहर की पुलिस ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन के तहत असामाजिक तत्वों को बाहर निकालने के लिए अपनी निगरानी तेज कर दी है।शुक्रवार की संध्या सदर एसडीपीओ नुरुल हक के नेतृत्व में नालंदा जिले में प्रतिनिधि बीएसएफ जवानों के साथ बिहारशरीफ शहर के संवेदनशील बुथों का निरीक्षण, वांछित के विरुद्ध छापेमारी तथा सघन वाहन चेकिंग अभियान की शुरूआत कर दी गई । सदर एसडीपीओ ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य ब्लैक स्पॉट की पहचान करना और असामाजिक तत्वों को उनके ठिकानों से बाहर निकलना है। उन्होंने बताया कि शहर के वैसे स्थलों को रेखांकित करना है जहां आपराधिक घटनाएं घटित होने की संभावनाएं बनी रहती है। उन स्थानों को चिन्हित कर संबंधित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई

जिला प्रशासन
नालन्दा

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफ: शांक शुभंकर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा की अध्यक्षता में आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आदर्श आचार संहिता एवं अन्य विषयों से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फर्स्ट लेवल चेकिंग के उपरांत इवीएम / वीवीपैट की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है ।

प्रशिक्षण हेतु चिन्हित कर अनुमंडल परिसर स्थित वेयरहाउस में रखी गई इवीएम/ वीवीपैट की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है । मतदान केंद्रों की सूची सभी राजनीतिक दलों को प्राप्त करा दी गई है ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी महोदय द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर राजनीतिक दलों/ अभ्यर्थियों /स्टार प्रचारको द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार निर्वाचन प्रचार अभियान के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन चुनाव प्रचार प्रसार में प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न वस्तुओं/ सेवाओं का बाजार सर्वेक्षण के पश्चात निर्धारित न्यूनतम दर का अनुमोदन भी किया गया । विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित डिस्पैच सेंटर की विवरणी निम्नवत हैः 171- अस्थावां, पेरू महतो सोमरी कॉलेज, पहाड़पुरा, बिहारशरीफ । 172 - बिहारशरीफ, सोगरा प्लस टू उच्च विद्यालय, बिहारशरीफ, नालंदा ।173 - राजगीर (अनुसूचित जाति), आरडीएच उच्च विद्यालय, राजगीर ।174 - इस्लामपुर एवं 175- हिलसा, रामबाबू उच्च विद्यालय, हिलसा । 176 -नालंदा, रास बिहारी हाई स्कूल, नगर पंचायत, नालंदा । 177 - हरनौत, सोगरा कॉलेज, बिहार शरीफ । बज्रगृह एवं मतगणना केंद्र नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में निर्धारित है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, राज्य आयकर आयुक्त, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल यथा बीजेपी/आरजेडी/ बीएसपी/ लोजपा /सीपीएम /माले आदि के प्रतिनिधि गण सहित संबंधित पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

250 महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया

GPS Map Camera
New Delhi, Delhi, India

नवबिहार दूत संवाददाता

महिला दिवस के अवसर पर नालंदा सोशल चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 250 महिलाओं को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया इस अवसर पर स्वच्छता के लिए महिलाओं को जागरूक किया गया इस अवसर पर संस्था के संस्थापक आयुष कुमार ने बताया कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के लिए जागरूकता के उद्देश्य से सेनेटरी पैड का वितरण किया गया है ट्रस्ट के अध्यक्ष सूर्यमणि कुमार ने बताया कि महिलाएं कामकाज में इतना व्यस्त रहती हैं कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाती हैं वहीं सचिव शोभा कुमारी ने बताया कि हमारे ट्रस्ट द्वारा महिलाओं को जागरूक करने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम चलाए जाते हैं इस अवसर पर कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे । वसंत कुंज नई दिल्ली में 8 मार्च 2024को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 250महिलाओं को स्वच्छता पैड वितरित किया गया या महिलाये को प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की गई।

बिहार विधान सभा के सचिव ने की रघुनाथगंज सूर्य मंदिर में पूजा

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार विधान सभा के सचिव श्री राज कुमार, शकुराबाद के रघुनाथगंज सूर्य मंदिर पहुँचे जहां उन्होंने सपरिवार भगवान भास्कर एवं अन्य देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की। पूजा कार्य उन्होंने मंदिर के पुजारी श्री आलोक कुमार पाण्डेय के सहयोग से सम्पन्न किया। रघुनाथगंज सूर्य मंदिर समिति के संरक्षक रविन्द्र भगत ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर बिहार विधान सभा के सचिव श्री राज कुमार को सम्मानित किया। उनकी धर्मपत्नी को समाजसेवी कुमारी निभा गुप्ता ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष और समाजसेवी सुनील प्रसाद ने राज कुमार दम्पति को मोमेन्टों भेंट किया। इस अवसर पर मालती देवी, शिखा कुमारी एवं ॠत्विक कुमार आदि उपस्थित रहे। रघुनाथगंज सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बिहार विधान सभा के सचिव मेनग्राम बेला स्थित कोटेश्वर धाम मंदिर को रवाना हो गये।

विकास के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य की भूमिका में हैं :- श्रवण कुमार

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफः प्रखंड के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास बिहार सरकार के ग्रामीण विकास समाज कल्याण एवं खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। 1. ग्राम पंचायत राज पचौरी के ओकनावां में +2 मगध उ वि ओकनावां में विद्यालय के विकास कोष एवं छात्र कोष से नवनिर्मित मुख्य द्वार एवं मंच निर्माण कार्य का उद्घाटन। 2. शीतला उच्च विद्यालय में विद्यालय विकास कोष एवं छात्र कोष से कमरा निर्माण कार्य का शिलान्यास।

3.डी पी राय हाई स्कूल दीपनगर में मुख्य द्वार एवं दो कमरा निर्माण कार्य का शिलान्यास। 4. बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पचौरी के ग्राम नवीनगर मोड बजरंगबली के दक्षिण सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास। 5. बिहारशरी प्रखंड के ग्राम पंचायत राज मेघी नगवां के ग्राम उम्मेदनगर में श्री टुनटुन प्रसाद के घर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय तक मरम्मती ईट सोलिंग एवं पीसीसी ढलाई निर्माण कार्य का शिलान्यास।

6. बिहार शरीफ प्रखंड के ग्राम पंचायत राज पचौरी के जोरारपूर गांव में संतोष कुमार खतुल्ली के घर से विद्यालय तक पीसीसी ढलाई निर्माण कार्य का शिलान्यास। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार का विकास तेजी से हो रहा है। हर क्षेत्रों हर वर्गो के विकास को कृतसंकल्पित है बिहार सरकार।

हमारी सरकार बोलने में कम और काम करने में ज्यादा विश्वास करती है। बिहार में हुए विकास कार्यों का डंका बज रहा है तथा चल रही योजनाओं का अनुसरण प्रदेश की कई सरकार कर रही है। विकास के क्षेत्र में बिहार अग्रणी राज्य की भूमिका में हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के दूरदर्शी सोच और कुशल नेतृत्व में बिहार में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है बिहारी को अब देश में लोग सम्मान भरी नजरों से देख रहें हैं। बिहार की खिदमत करना ही हमारी सरकार का संकल्प है। इस अवसर पर विधान पार्षद रीना यादव जदयू के मुख्य प्रवक्ता डा धनंजय कु देव प्रखंड अध्यक्ष संजय कुशवाहा प्रदीप मुखिया मुन्ना पासवान सकलदीप प्रसाद बालचंद पासवान रविन्द्र कुमार दिनेश साव विकास कुशवाहा अरविंद ठाकुर इंदू चौहान संजय प्र कुशवाहा रविन्द्र कुशवाहा मिंटू मुखिया गुलशन कुशवाहा सुरेश सिंह सीताराम प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफः शशांक शुभंकर ने आज 21 लोगों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के निदान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिए। आवेदक मुन्नी कुमारी द्वारा बताया गया कि मेरा विकलांग पेंशन खाता बन्द हो गया है जिसे पुनः चालू किया जाय ताकि मुझे पेंशन मिल सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस समस्या के निष्पादन हेतु सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण को आवश्यक निर्देश दिए।

नईसराय ग्राम के निवासी बबिता देवी द्वारा बताया गया कि मुझे आवास करने हेतु मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवासन करने हेतु सुविधा दिया जाय। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस समस्या के निष्पादन हेतु सहायक उप विकास आयुक्त, नालंदा को आवश्यक निर्देश दिए। आवेदक अर्जुन सिंह बल्द द्वारा बताया गया कि मेरी खतियानी भूमि जिसे बिना बटवारे के बिक्री की जा रही है जो की गलत है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस समस्या के निष्पादन हेतु सहायक प्रभारी पदाधिकारी, जिला राजस्व शाखा, नालंदा को आवश्यक निर्देश दिए। हरसेनी ग्राम के आवेदक सुरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि थाना न० 124 अंचल इस्लामपुर, पंचायत सकरी के प्लॉट न०599 एवम 597 रैयती जमीन पर सरकारी खर्च पर एक विशेष व्यक्ति के लिए ढलाई का कार्य करा दिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा इस समस्या के निष्पादन हेतु सहायक, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नालंदा को आवश्यक निर्देश दिए। अन्य आवेदनों को भी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को भेजते हुए समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जनता की सेवा ही सच्ची सेवा : सांसद कौशलेंद्र

श्री कौशलेन्द्र कुमार जी
माननीय सांसद (लोकसभा), नालन्दा
द्वारा
कड़ाहडीह हाल्ट

नवबिहार दूत संवाददाता

सिलाव प्रखंड के अंतर्गत कडाह डीह में कडाहडीह हाल्ट पर ट्रेन नंबर 03623/24 राजगीर बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर, ट्रेन नंबर 03621/22 राजगीर बख्तियारपुर मेमू पैसेंजर का ठहराव एवम गाड़ी संख्या 03629/30 तिलैया दानापुर पैसेंजर का ठहराव अम्बा पैंदापुर हाल्ट पर किया गया। जिसका शुभारंभ माननीय सांसद कौशलेंद्र कुमार के कर कमलों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम रेल के अधिकारियों ने माननीय सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार को अंग वस्त्र, बुके और प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कर रही है नीतीश कुमार की अगुवाई वाली बिहार के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है वहीं केंद्र में नरेंद्र मोदी की अगवाई वाली एनडीए सरकार हर क्षेत्र में बेहतर विकास कर रही है नालंदा के लोगों की मांग पर हरनौत में बुद्ध पूर्णिमा एक्सप्रेस का ठहराव, सिलाव में इंटरसिटी का ठहराव, कडाहडीह हॉल्ट पर राजगीर बख्तियारपुर मेमो पैसेंजर, तिलैया दानापुर पैसेंजर का ठहराब अंबा पैंदापुर हॉल्ट पर किया गया इसके ठहराव से आसपास के पंचायत, गांव के लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। पर्यटक के दृष्टिकोण से भी यह काफी महत्वपूर्ण होगा उन्होंने आम जनों से टिकट लेकर यात्रा करने का अनुरोध भी किया। उन्होंने इस ट्रेन के ठहराव को लेकर कई बार रेल मंत्री से मिलकर व्यक्तिगत अनुरोध भी किया था उन्होंने देश के प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को इसके लिए आभार प्रकट भी किया। इस अवसर पर जदयू नेता बिगुल सिंह वार्ड सदस्य विकास कुमार रेल के कई अधिकारी स्टेशन मास्टर प्रबुद्ध जनों के अलावा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

रिषभ क्लासेज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

Rishav Classes
A Concept School & Coaching

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहारशरीफ : रामचंद्रपुर शिवपुरी मोहल्ले में स्थित रिषभ क्लासेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर, सप्ताहिक एवं मासिक जांच परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। रिषभ कॉन्सेप्ट स्कूल के प्राचार्य राजजीत कुमार मिश्रा और डायरेक्टर खुशबू कुमारी सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर प्राचार्य राजजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि रिषभ क्लासेज से दर्जनों छात्रों का विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं में चयन हो चुका है, जो संस्थान के लिए गर्व की बात है। यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे कठोर परिश्रम करते रहें और सफलता अवश्य प्राप्त करेंगे।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, 15 मार्च तक लड़कियों का एडमिशन रिषभ क्लासेज में मुफ्त में किया जाएगा। यह संस्थान लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

संस्थान की डायरेक्टर खुशबू कुमारी ने बताया कि रिषभ क्लासेज में कुशल शिक्षकों की निगरानी में आरके मिशन, नवोदय, नेतरहाट, सैनिक, सिम्मुतल्ला एवं ओलंपियाड प्रवेश परीक्षा की तैयारी पिछले दो वर्षों से कराई जा रही है।संस्थान प्रत्येक वर्ष तीस छात्रों को टेस्ट के माध्यम से स्कॉलरशिप भी प्रदान करता है। यही कारण है कि कम समय में यह कॉन्सेप्ट स्कूल इलाके का प्रतिष्ठित संस्थान बन चुका है। वर्तमान में, रिषभ क्लासेज में 200 छात्र नामांकित हैं। बच्चों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा और पीने के लिए आरओ वाटर की व्यवस्था है। कुल 15 शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।

इवीएम/वीवीपैट सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफः शशांक शुभंकर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त निर्वाचन स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में माघड़ा, नालंदा अवस्थित वेयरहाउस में फर्स्ट लेवल चेकिंग के पश्चात रखें गये इवीएम /वीवीपैट सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

फर्स्ट लेवल चेकिंग के पश्चात वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए इव की संख्या 5353 /CU की संख्या 3075 एवं VVPAT की संख्या 3221 है। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाउस निरीक्षण के क्रम में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे /सुरक्षा गार्ड के माध्यम से और बेहतर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों यथा आरजेडी/ बीजेपी/ सीपीएम /माले/ लोजपा आदि के प्रतिनिधिगण उपस्थित थें।

हत्या के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

एक देसी कट्टा समेत 13 कारतूस बरामद

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफः रहुई थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव का हत्या का आरोपी राजकरण चौहान को रहुई पुलिस ने धर दबोचा है । गुप्त जानकारी मिलने के पश्चात रहुई पुलिस की तरफ से कार्यवाई की गई जिसमें पुलिस को सफलता हाथ लगी ।

अपराधी राजकरण चौहान के पास से एक देसी पिस्टल, 315 बोर का 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है । पुलिस के मुताबिक आरोपी गांव में अपनी दबंगई दिखाने के लिए वह लोगों को पिस्टल दिखा धौंस दे रहा था। कुछ लोगो से उसने मारपीट भी की थी। रहुई थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की रघुनाथपुर गांव में राजकरण चौहान के घर मे अपराधकर्मियों का जुटान हो रहा है। इसके उपरांत पुलिस ने घर की घेराबंदी की, जहाँ पुलिस को देख आरोपी भागने लगा, जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम राजकरण चौहान बताया जिसकी तलाशी लेने के दौरान उसके पास से 1 देशी पिस्तौल और 13 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में यह बात सामने आई कि वर्ष 2011 से हत्या के एक मामलें में आरोपी राजकरण चौहान फरार चल रहा था।

इसके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट, इश्तेहार, कुर्की हो चुकी थी। इसके पश्चात वह फरार चल रहा था। छापेमारी में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, दारोगा शशि रंजन कुमार मिश्र, राजकुमार चौधरी एवं रहुई थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल रही।

स्वामी, प्रकाशक, संपादक और मुद्रक अमरजीत मौआर द्वारा भारती प्रिंटिंग प्रेस चंडी, नालंदा, पिन कोड 803108 से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट चंडी, नालंदा से प्रकाशित-प्रसारित, फोन -09473293572, 9572478372 , ईमेल: navbihardoot@gmail.com, BIHHIN/2019/78160